भले ही भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस में पीछे छूट गया हो, लेकिन टीम की क्वालिटी को देखते हुए दो बार फ़ाइनल खेल चुकी यह टीम अभी भी रेस से बाहर नहीं हुई है। - राहुल द्रविड़

भारत के पूर्व हेड कोच, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **प्रसिद्ध कृष्णा**

भारतीय तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उनका आक्रामक रवैया मैदान पर उनके व्यवहार से नहीं, बल्कि उनकी गेंदबाज़ी की तीव्रता और अनुशासन से झलकता है। उनका मानना है कि पिच और हालात के हिसाब से उनकी गेंदबाज़ी की लंबाई बदलती रहती है, और टीम के एनालिस्ट और कोच उन्हें सही जगह गेंदबाज़ी करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि पिच के हिसाब से बॉलिंग की लेंथ बदलती रहती है। इसलिए हम एनालिस्ट और कोच के साथ बैठकर तय करते हैं कि अलग-अलग पिच पर किस लेंथ से बॉलिंग करनी है। और हाँ, जब मैं देश के लिए नहीं खेल रहा था।

क्या आप जानते हैं ?... मनप्रीत सिंह: भारत के लिए सबसे ज्यादा (415 से अधिक) अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने।

कोलंबो टेस्ट में भारत की पकड़ मजबूत, श्रीलंका ने 8 विकेट पर बनाए 265 रन

कोलंबो, 25 अगस्त। प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार के तीन-तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। दिन का खेल बारिश और खराब रोशनी के कारण जल्दी समाप्त होने तक श्रीलंका ने आठ विकेट पर 265 रन बनाए और वह भारत से 238 रन पीछे है। सोनल दिनूषा 85 और लाहिरू कुमारा आठ रन बनाकर नाबाद हैं।

दिन की शुरुआत श्रीलंका ने दो विकेट पर आठ रन से की। कामिल मिशारा और पसिंदु सोरियाबंदारा ने सकारात्मक शुरुआत की, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने मिशारा को 19 रन पर आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद सोरियाबंदारा और कामिंदु मेंडिस ने 87 रन की साझेदारी कर श्रीलंका को संभाला।

शुभमन गिल ने प्रसिद्ध कृष्णा को दोबारा गेंदबाजी पर लगाया और उन्होंने लंच से पहले

कामिंदु मेंडिस को 32 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद सोरियाबंदारा ने अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया, लेकिन मानव सुथार ने धनंजय डी सिल्वा को आउट कर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई।

रवींद्र जडेजा ने सोरियाबंदारा की 80 रन की पारी का अंत किया, जबकि मोहम्मद सिराज ने निरोशन डिकवेला को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। 173 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद दिनूषा ने केशरा नुवांथा के साथ 57 रन की साझेदारी कर श्रीलंका को संकट से उबारा।

मानव सुथार ने नुवांथा को 18 रन पर आउट किया, लेकिन दिनूषा ने लाहिरू कुमारा के साथ मिलकर भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया। खराब रोशनी और बारिश के कारण 83.4 ओवर के बाद खेल रोकना पड़ा।

सरफराज श्रीलंकाई कप्तान से बोले- यहां टाइमपास करने नहीं आया : भारत ने कोलंबो टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका के 265 रन पर 8 विकेट गिरा दिए। इससे पहले दूसरे दिन भारत ने पहली पारी 503/9 में घोषित की थी। मैदान पर सबसे ज्यादा ध्यान सब्स्टीट्यूट फील्डर सरफराज खान की मजेदार स्लेजिंग ने खींचा। सरफराज ने श्रीलंकाई कप्तान से कहा- मैं यहां टाइमपास करने नहीं आया हूं। डरो मत, अच्छे से खेलो।

चोटिल ऋषभ पंत की जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की। श्रीलंका के सोनल दिनुशा ने लगातार तीसरी टेस्ट पारी में 50 रन बनाए। बारिश की वजह से मंगलवार को 2 बार खेल रुका।

सरफराज और श्रीलंकाई कप्तान की बात स्टंप माइक में रिकॉर्ड हुई : श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा मानव सुथार की गेंद खेलने से ठीक पहले पीछे हट गए। वे गेंदबाज के पीछे या साइट स्क्रीन की तरफ किसी तरह की परेशानी की ओर इशारा करते नजर आए।

उस समय शॉर्ट लेग पर खड़े सरफराज खान ने कहा- भाई, कुछ नहीं है वहां। सीधे देखो ना। टाइम वेस्ट कर रहे हो, डरो मत और खेलो। तुम कप्तान हो। सरफराज यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा- मैं यहां टाइमपास करने नहीं आया हूं। धनंजय ने सरफराज की बातों पर रिप्लाई नहीं किया।

सरफराज खान को कोलंबो टेस्ट की प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली है। हालांकि, वे सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर मैदान पर उतरे। उन्होंने ऋषभ पंत की जगह शॉर्ट लेग और सिली पॉइंट पर फील्डिंग की।

प्रज्ञाननंदा ने विंसेंट कीमर को रौंदकर फाइनल में जगह में बनाई जगह

नई दिल्ली, 25 अगस्त। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर 19-9 की शानदार जीत हासिल करके आसानी से ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) के अंतिम चरण के फाइनल में जगह बनाई। प्रज्ञाननंदा का फाइनल में मुकाबला खिताब के प्रबल दावेदारऔर मौजूदा चैंपियन अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा क्लासिकल गेम जीतने के बाद अंतिम दिन से पहले छह अंकों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी।

उन्होंने लगातार दो रैपिड मुकाबलों में कीमर को हराकर17-3 की अजेय बढ़त हासिल करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर दी। इसके बाद ब्लिट्ज के पहले गेम में एक और जीत ने उनके अंकों की संख्या 19 तक पहुंचा दी। कीमर ने आखिरी तीन ब्लिट्ज गेम जीतकर वापसी की, लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ। कारुआना ने ब्लिट्ज गेम में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर 18-9 से जीत हासिल की। उन्होंने मौकों का पूरा फायदा उठाया और अमेरिका के अपने हमवतन खिलाड़ी वेस्ली सो को हराया। जीसीटी के फाइनल की कुल पुरस्कार राशि 450,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें से 200,000 अमेरिकी डॉलर विजेता को मिलेंगे। फाइनल में हारने वाले खिलाड़ी को125,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान के लिए होने वाले प्ले-ऑफ में कीमर का मुकाबला वेस्ली सो से होगा। यहां शीर्ष पर रहने वाले तीन खिलाड़ी अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।

एशियाई खेल : 5 टेनिस खिलाड़ी चयन मानदंड पूरे नहीं कर पाए

नयी दिल्ली, 25 अगस्त भारत की एशियाई खेलों की टेनिस टीम से बाहर किए गए पांच खिलाड़ियों के नाम अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) द्वारा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को भेजी गई संक्षिप्त सूची में शामिल नहीं थे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी और कहा कि निर्धारित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग मानदंड पूरा नहीं करने के कारण उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। मानस धामने (पुरुष एकल), वैष्णवी अडकर (महिला एकल), सहजा यमलापल्ली (महिला एकल), वैदेही चौधरी (महिला युगल) और प्रार्थना थोम्बारे (महिला युगल) सात सदस्यीय भारतीय टेनिस टीम में जगह नहीं बना सके क्योंकि वे महाद्वीपीय रैंकिंग में शीर्ष आठ में होने के मानदंड को पूरा नहीं करते थे। "खेल मंत्रालय को आईओए द्वारा साझा की गई अंतिम सूची में उनके नाम नहीं मिले थे। असल में एआईटीए द्वारा आईओए को भेजी गई संक्षिप्त सूची में भी उनके नाम नहीं थे।" सूत्र के अनुसार इन खिलाड़ियों को बाहर किया जाना उचित है क्योंकि उनके हालिया प्रदर्शन से भी पदक जीतने की संभावना या प्रतियोगिता में प्रभावी भागीदारी की क्षमता नहीं झलकती। खेल मंत्रालय के चयन मानदंड के अनुसार एकल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का एशिया में शीर्ष छह में और युगल में शीर्ष आठ में होना जरूरी था। इसके लिए 12 महीने की अवधि में प्रदर्शन का आकलन किया गया। खेल मंत्रालय ने यह मानदंड पिछले साल सितंबर में जारी किया था। इन खिलाड़ियों को टीम से बाहर किए जाने की दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रोहन बोपन्ना ने कड़ी आलोचना की थी।

इंग्लैंड क्रिकेट में बड़ा बवाल, नाइटक्लब के बाहर हथकड़ी में दिखे ब्रायडन कार्स टेस्ट मैच से बाहर

नई दिल्ली, 25 अगस्त। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को नाइटक्लब विवाद और ईसीबी जांच के चलते पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से निलंबित कर दिया गया है। सॉनी बेकर को उनके स्थान पर शामिल करना टीम की गेंदबाजी गहराई और अनुशासनात्मक प्रतिबद्धता का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। मौजूद जानकारी के अनुसार, शनिवार रात डर्बी के एक नाइट क्लब के बाहर ब्रायडन कार्स को हथकड़ी लगाए देखा गया था। इसके बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मामले की जांच शुरू कराई। बोर्ड ने घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन बताया है कि क्रिकेट नियामक इस मामले की जांच करेगा। कार्स को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शुरुआती टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, जांच शुरू होने के बाद उन्हें टीम से हटा दिया गया है। उनकी जगहसॉनी बेकर को टीम में शामिल किया गया है। बेकर ने अब तक इंग्लैंड के लिए सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला है। उनका यह मुकाबला जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई श्रृंखला के दौरान हुआ था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा कि जांच जारी रहने और मामले से जुड़े सभी तथ्यों के सामने आने तक ब्रायडन कार्स दूसरे पुरुष टेस्ट मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

जोआओ फोंसेका पेट की चोट के कारण अमेरिकी ओपन से बाहर



न्यूयॉर्क, 25 अगस्त । ब्राजील के युवा टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोंसेका पेट की चोट के कारण अमेरिकी ओपन 2026 से बाहर हो गए हैं। दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। 20 वर्षीय फोंसेका इस साल शानदार प्रदर्शन के बाद अमेरिकी ओपन में खिताब के दावेदारों में शामिल थे। उन्होंने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उन्होंने दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को भी हराया था। फोंसेका ने कहा कि पेट की चोट को लेकर जांच और उपचार शुरू होने के बाद उन्हें और उनकी टीम को लगा कि पूरी तरह फिट होने के लिए उन्हें अभी और समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी ओपन उनके लिए बेहद खास टूर्नामेंट है और इससे हटने का फैसला आसान नहीं था।

फोंसेका ने कहा कि वह जल्द से जल्द वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखेंगे। फोंसेका अमेरिकी ओपन से हटने वाले प्रमुख पुरुष खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। इससे पहले जैनिक सिनर, होल्गर रूने और जैक ड्रेपर भी चोटों के कारण टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले चुके हैं।

पूर्व वर्ल्ड स्नूकर चैंपियन बच्चों के यौन शोषण में दोषी

नई दिल्ली, 25 अगस्त। पूर्व वर्ल्ड स्नूकर चैंपियन ग्रेम डॉट को बच्चों के यौन शोषण के दो मामलों में दोषी पाया गया है। 49 साल के डॉट के खिलाफ ग्लासगो हाई कोर्ट में पांच दिन तक सुनवाई चली। ज्यूरी ने उन्हें 1993 से 1996 के बीच एक लड़की और 2006 से 2010 के बीच एक लड़के के साथ किए गए यौन दुर्व्यवहार से जुड़े दोनों मामलों में दोषी माना। अदालत ने डॉट की सजा पर फैसला अगली सुनवाई में करने का आदेश दिया है। यह सुनवाई 29 सितंबर 2026 को एडिनबर्ग में होगी। तब तक डॉट हिरासत में रहेंगे।

लड़की ने 1990 के दशक के दुर्व्यवहार के बारे में बताया : सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि डॉट ने 1990 के दशक में एक स्कूली लड़की के साथ कई बार अनुचित व्यवहार किया। अब 40 की उम्र में पहुंच चुकी महिला ने आरोप लगाया कि डॉट ने उसे गलत तरीके से छुआ और उसे यौन गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश की। महिला ने अदालत में बताया कि इन घटनाओं से वह डर गई और सदमे में थी। डॉट ने उसे एक टेडी बियर भी दिया था। पुलिस ने 2001 में इन आरोपों को लेकर डॉट से संपर्क किया था, लेकिन उस समय कोई चार्ज नहीं लगाया गया।

बालाजी-चंद्रशेखर ने कानकुन टेनिस ओपन जीता

नई दिल्ली, 25 अगस्त। भारत के एन. श्रीराम बालाजी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर ने मैक्सिको में खेले गए कानकुन कंट्री टेनिस ओपन का डबल्स खिताब जीत लिया है। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला और बेलारूस के इवान ल्युटारेविच को 6-3, 7-6(4) से हराया। इस जीत के साथ बालाजी और अनिरुद्ध को 125-125 एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स रैंकिंग पॉइंट्स और 9,900 डॉलर (करीब 9.5 लाख रुपए) की इनामी राशि मिली। फाइनल के पहले सेट में दोनों जोड़ियों के बीच मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन भारतीय जोड़ी ने अहम मौकों पर बढ़त बनाते हुए सेट 6-3 से अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने पहली सर्विस पर 68 और दूसरी सर्विस पर 81 अंक जीते। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा और सेट टाईब्रेकर तक पहुंचा।

दलीप ट्रॉफी : शाहबाज और सुदीप के शतक से ईस्ट जोन ने दर्ज की पारी और 210 रनों से बड़ी जीत

बेंगलुरु, 25 अगस्त । शाहबाज अहमद के करियर के सर्वश्रेष्ठ 167 रन और सुदीप कुमार घरामी के 146 रन की शानदार पारियों के बाद अनुकूल रॉय और अभिजीत सरकार की पांच-पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में नॉर्थ ईस्ट जोन को पारी और 210 रन से करारी शिकस्त दी।

बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-2 में खेले गए मुकाबले में ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 467 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। शाहबाज ने 167 रनों की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली, जबकि सुदीप कुमार घरामी ने 146 रन बनाए। दोनों ने शानदार शतकीय पारियों से टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इसके जवाब में नॉर्थ ईस्ट जोन की पहली पारी महज 111 रन पर सिमट गई। अभिजीत सरकार ने 20 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि शाहबाज अहमद ने तीन विकेट अपने नाम किए।

नॉर्थ ईस्ट जोन की ओर से अर्पित भटेवार ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। फॉलोऑन खेलने उतरी नॉर्थ ईस्ट जोन की टीम दूसरी पारी में भी ईस्ट के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। अनुकूल रॉय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 37 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। शाहबाज और वैभव सूर्यवंशी ने भी अहम विकेट चटकाए।

नॉर्थ ईस्ट जोन की ओर से पीहेरोइजाम जोतिन ने 39 रन बनाकर कुछ प्रतिरोध किया। नौवें विकेट के लिए आकाश चौधरी और जोतिन ने 39 रन की साझेदारी कर हार को कुछ देर टाला लेकिन अनुकूल रॉय ने चौधरी को बोल्ड करने के बाद जोतिन को भी आउट कर ईस्ट जोन की जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ ईस्ट जोन ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना पिछले सत्र की चैंपियन सेंट्रल जोन से होगा। दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला 30 अगस्त से खेला जाएगा।

भारतीय पुरूष हॉकी का शर्मनाक प्रदर्शन, विश्व कप चयन पर दिग्गजों ने उठाए गंभीर सवाल

नई दिल्ली, 25 अगस्त। विश्व कप में 51 साल बाद पदक जीतने का सपना लेकर गई भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने में भी नाकाम रहने के बाद पूर्व दिग्गजों ने युवा खिलाड़ियों को मौका नहीं देने और उसी कोर ग्रुप के साथ लगातार खेलने पर सवाल उठाये हैं। अर्जेंटीना से 3 -5 से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल की उम्मीदें भी खत्म हो गई और इससे वे कमजोरियां भी उजागर हुई जो पेरिस ओलंपिक के बाद से लगातार चली आ रही थी। पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि धीमी शुरूआत, मौके गंवाने और डिफेंस में चूक से आगे यह समस्या और बड़ी है और इसका हल काफी पहले निकाला जाना चाहिये था। भारतीय टीम विश्व कप से पहले स्विटजरलैंड में मानसिक दृढता बढाने के लिये बूट कैंप में गई।

धोनी और सीएसके के 16 साल के रिश्तों में दरार? आईपीएल में भविष्य पर गहराया संकट

नई दिल्ली, 25 अगस्त। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीज़न से ही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से जुड़े हुए हैं। वह इस लीग में सीएसके के लिए सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं और मेन इन येलो (सीएसके टीम) के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। अपने खेल करियर के आखिरी दौर में चल रहे धोनी, सीएसके में हिस्सेदारी खरीदकर चेन्नई की इस फ्रैंचाइज़ी के साथ अपने रिश्ते को और मज़बूत करना चाहते थे। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक, सीएसके मैनेजमेंट के उनकी शर्तों पर सहमत न होने के कारण यह डील नहीं हो पाई।

एक सूत्र ने कहा कि धोनी हिस्सेदारी खरीदना चाहते थे। वह इसे मुफ़्त में नहीं मांग रहे थे, लेकिन सीएसके मैनेजमेंट की सोच अलग थी। सूत्रों के मुताबिक, धोनी और सीएसके मैनेजमेंट के बीच ज़्यादातर बातचीत ज़ुबानी हुई और दोनों पक्षों के बीच कोई औपचारिक लिखित प्रस्ताव या समझौता नहीं हुआ।

सीनियर एवं सबजूनियर दोनों वर्गों में जयपुर की दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची

मालपुरा (टोंक), 25 अगस्त । 9वीं सीनियर स्टेट बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 तथा 8वीं सब-जूनियर स्टेट बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में मंगलवार को दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। मालपुरा में चल रही प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग एवं सब जूनियर दोनों वर्गों में जयपुर की पुरुष एवं महिला दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

सीनियर पुरुष वर्ग में जयपुर ने अपने मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन किया। जयपुर ने बीकानेर को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। इसके बाद जयपुर ने कोटा के खिलाफ भी शानदार खेल दिखाते हुए 35-25, 32-35, 35-20 से मुकाबला अपने नाम किया। सीनियर वर्ग के अन्य मुकाबलों में नागौर ने बीकानेर को 35-10, 35-10 से, चूरू ने धौलपुर को 35-8, 35-9 से तथा टोंक ने चूरू को 35-32, 35-30 से हराया। टोंक ने ब्यावर को भी 35-27, 35-29 से पराजित किया। बीकानेर ने कोटा को 35-28, 35-30 से हराया, जबकि चित्तौड़गढ़ ने बीकानेर को 35-28, 35-33 से शिकस्त दी।

सीनियर महिला वर्ग में भी जयपुर का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। जयपुर ने चित्तौड़गढ़ को 35-9, 35-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। महिला वर्ग के मुकाबलों में बीकानेर ने चित्तौड़गढ़ को 35-30, 35-33 से तथा नागौर को भी हराया। टोंक ने बीकानेर को 35-20, 35-32 से हराया। चित्तौड़गढ़ ने नागौर को 35-33, 35-32 से मात दी।

सब-जूनियर वर्ग में भी कड़े मुकाबले : 8वीं सब-जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बीकानेर ने चित्तौड़गढ़ को 35-30, 35-33 से हराया, जबकि टोंक ने बीकानेर को 35-20, 35-32 से शिकस्त दी। चित्तौड़गढ़ ने नागौर को 35-33, 35-32 से हराया। वहीं टोंक ने चित्तौड़गढ़ को 35-32, 35-31 से पराजित किया। जयपुर ने भी सब-जूनियर वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जयपुर ने अजमेर तथा भरतपुर के खिलाफ जीत दर्ज की। अजमेर और भरतपुर के मुकाबले में भरतपुर ने 35-29, 35-33 से जीत हासिल की । राजस्थान बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दोनों राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 से 26 अगस्त तक मालपुरा, टोंक में किया जा रहा है। दूसरे दिन के मुकाबलों के बाद जयपुर की सीनियर वर्ग एवं सब जूनियर की दोनों टीमों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से पदक की उम्मीदें मजबूत हुई हैं।

आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रभात जयसूर्या को फटकार

कोलंबो, 25 अगस्त । भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज प्रभात जयसूर्या को आधिकारिक फटकार लगाई गई है। इसके साथ ही उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। जयसूर्या को आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़े, मैदान से जुड़े उपकरण या अन्य सुविधाओं के अनुचित इस्तेमाल अथवा नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। यह घटना दूसरे दिन (सोमवार) की आखिरी गेंद पर जयसूर्या के आउट होने के बाद हुई। पवेलियन लौटते समय उन्होंने अपने बल्ले से मैदान की सीमा पर लगे बोर्ड को मारा था। जयसूर्या ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी के एलीट पैनल के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को भी स्वीकार कर लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर अहसान रजा और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर रॉड टकर तथा चौथे अंपायर प्रगीथ रंबुकवेला ने जयसूर्या के खिलाफ आरोप लगाए थे। पिछले 24 महीनों में जयसूर्या का यह पहला अपराध है। लेवल-1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल स्पर्धाओं का आयोजन

एसएमएस स्टेडियम में मनाया जा रहा है खेल दिवस

जयपुर, 25 अगस्त। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में 24 से 29 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे इस छह दिवसीय खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को एक प्रतिस्पर्धी खेल मंच प्रदान करना तथा हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति को नमन करना है।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव राजकेश मीणा ने बताया कि यह आयोजन राजस्थान सरकार के युवा मामले एवं खेल विभाग के समन्वय से किया जा रहा है। इस हेतु खेल प्रतियोगिता संचालन समिति बनाई गई है, जिसमें मनीष वर्मा (क्रिकेट), प्रशांत सप्रे (हॉकी), अशोक ढाका (बास्केटबॉल), राजनारायण शर्मा (कबड्डी), प्रवीण शर्मा (वॉलीबॉल), प्रियदीप सिंह (हैंडबॉल), प्रेम

शर्मा एवं राजनारायण शर्मा (रस्सा-कस्सी) के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रतियोगिताओं का आगाज 24 अगस्त से वॉलीबॉल मुकाबले से शुरू हुए। मंगलवार को हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल के मुकाबले आयोजित किए गए।

वॉलीबॉल में आरवीए अकादमी पुरुष वर्ग में तथा जयपुर वॉलीबॉल अकादमी महिला वर्ग में विजेता रही। दोनों वर्गों में छह-छह टीमों ने भाग लिया।

बास्केटबॉल में राजस्थान पुलिस ने विद्याश्रम स्कूल को 45-41, एसएमएस ने संस्कार को 40-35 तथा विद्याश्रम अकादमी ने सुबोध स्कूल को 30-26 से हराया। वहीं बालिका वर्ग में एसएमएस को राजस्थान पुलिस के हाथों 30-40 से हार का सामना करना पड़ा। क्रीड़ा परिषद् ने एमपीएस को 24-20 तथा पिंकसिटी अकादमी ने संस्कार स्कूल को 21-16 से पराजित किया।

हैंडबॉल में महिला वर्ग में कनोडिया ने पिंक सिटी को 11-05 से, महारानी ने यूनाइटेड क्लब को 07-04 से तथा आरएसएससी ने रॉयल क्लब को 07-05 से हराया। पुरुष वर्ग में यूनाइटेड क्लब ने यूथ क्लब को 07-01 से तथा रॉयल क्लब ने आरपी क्लब को 06-05 से हराया।

राजकेश मीणा ने बताया कि 26 अगस्त को कबड्डी के नॉकआउट एवं फाइनल मुकाबले, हैंडबॉल फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद 27 अगस्त को हॉकी के नॉकआउट दौर तथा रस्साकशी के ऑल राउंड एवं फाइनल मुकाबले आयोजित होंगे।

राष्ट्रीय खेल दिवस के समापन समारोह के दिन हॉकी एवं बास्केटबॉल के खिताबी मुकाबले खेले जाएंगे। इसके साथ ही क्रीड़ा परिषद् एवं खेल विभाग के कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। इससे पूर्व विजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

नेशनल मास्टर्स तैराकी 11 सितम्बर से हरियाणा के बहादुरगढ में

नई दिल्ली, 25 अगस्त। इस वर्ष की नेशनल मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता 11 सितम्बर से बहादुरगढ (हरियाणा) में आयोजित की जा रही है , जो भी तैराक इसमें भाग लेना चाहते हैं अपनी एन्ट्री 1 सितम्बर तक राज्य सचिव/ अध्यक्ष के हस्ताक्षर करवा कर भेज सकते है।

इस वर्ष 2026 की बैंगलोर में होने वाली एशियन मास्टर्स प्रतियोगिता में जाने वाले तैराकों का चयन नेशनल प्रतियोगिता में किया जायेगा । हर इवेन्ट में पहले 6 तैराकों का चयन बैंगलोर में होने वाली एशियन मास्टर्स में भारतीय टीम में किया जायेगा। तैराकों को आने जाने का यात्रा व्यय, आवास, खाने एवं का खर्च स्वयं वहन करना होगा।

मैनचेस्टर सिटी के विंगर साविन्हो के साथ टोटेनहम हॉटस्पर ने किया करार

लंदन, 25 अगस्त । टोटेनहम हॉटस्पर ने ब्राजील के विंगर साविन्हो को मैनचेस्टर सिटी से अपनी टीम में शामिल कर लिया है। इस ट्रांसफर के साथ नए मैनेजर रॉबर्टो डी जेरबी के नेतृत्व में टोटेनहम का इस सत्र का खर्च 30 करोड़ पाउंड के पार पहुंच गया है।

हालांकि, सौदे की आर्थिक शर्तों और अनुबंध की अवधि का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन दोनों क्लबों ने सोमवार को साविन्हो के ट्रांसफर की पुष्टि की। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार यह सौदा करीब 7.5 करोड़ पाउंड का है, जिसमें एक करोड़ पाउंड अतिरिक्त राशि के तौर पर शामिल हो सकती है। साविन्हो ने अपने करियर की शुरुआत एटलेटिको मिनेइरो से की थी और 2022 में ट्रॉयस से जुड़े। इसके बाद गिरोना के लिए लोन पर खेलते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। 2024 में गिरोना के लिए उन्होंने 41 मैचों में 11 गोल किए।

राजस्थान राज्य अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का उद्घाटन

जयपुर, 25 अगस्त। राजस्थान एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला एथलेटिक्स संघ सीकर द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आज जिला खेल स्टेडियम, सीकर में उद्घाटन हुआ । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गोपाल सैनी ओलंपियन अर्जुन अवार्डी रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह गुर्जर, महासचिव राजस्थान ओलंपिक संघ, सुभाष पचार व मुकेश भडिया, डायरेक्टर स्टोनेक्स टाइल्स सीकर, देव नारायण गुर्जर, सचिव राजस्थान एथलेटिक संघ, दुर्गा शंकर शर्मा अध्यक्ष फाइनेंस कमेटी, हरिराम चौधरी, पूर्व चेयरमैन राजस्थान तीरंदाजी संघ, कार्तिक शर्मा कोषाध्यक्ष अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे । जिला एथलेटिक्स संघ सीकर के सचिव डॉ रामनिवास, आयोजन सचिव सुरेश भास्कर एवं जिला संघ के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया ।

प्रतियोगिता में प्रथम दिवस के परिणाम निम्न अनुसार हैं: 20000 मीटर रेस वॉक पुरुष वर्ग हनुमान बीकानेर प्रथम

अभिजीत नागौर द्वितीय नाथूराम नागौर तृतीय, महिला वर्ग में मनीषा चूरू प्रथम प्रियंका चूरू द्वितीय ललिता खिलेरी नागौर तृतीय, पोल वॉल्ट पुरुष वर्ग में इशमीत सिंह श्रीगंगानगर प्रथम लव कुमार हनुमानगढ़ द्वितीय आदित्य हनुमानगढ़ तृतीय।

महि